संख्या– 313/68–5–2020

–58–

प्रेषक

रेणुका कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद–सिद्धार्थनगर।

बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ: दिनांक: 08 मई, 2020

विषयः– जनपद–सिद्धार्थनगर के विधान सभा क्षेत्र इटवा में राजकीय महाविद्यालय विस्कोहर की स्थापना हेतु भूमि आवंटित किये जाने के संबंध में अनापत्ति प्रदान किये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0–942/डी0एल0आर0सी0/2019–20, दिनांक 26.02.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा ग्राम–विस्कोहर तप्पा, बुढ़ढी तहसील जनपद–सिद्धार्थनगर में स्थित भूमि जो स्कूल के खाते में श्रेणी–6(2) की भूमि है, को निरस्त कर राजकीय महाविद्यालय विस्कोहर के नाम अंकित किये जाने हेतु अनापत्ति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त ग्राम– विस्कोहर तप्पा, बुढ़ढी तहसील इटवा, जनपद–सिद्धार्थनगर में स्थित गाटा संख्या–465 मि0/0.067हे0 तथा गाटा संख्या–464/0.297हे0 भूमि पर राजकीय महाविद्यालय ग्राम– विस्कोहर, विधान सभा क्षेत्र इटवा के निर्माण हेतु अनापत्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

कृपया उक्तानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(रेणुका कुमार)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2– महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
3– शिक्षा निदेशक, बेसिक, उ0प्र0 लखनऊ।
4– सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
5– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सिद्धार्थनगर।
6– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(उमेश कुमार तिवारी)
उप सचिव।

Raj-G.O.-1510.doc